(2) इस अधिनियम के अधीन बनाये गये समस्त नियम, उनके इस प्रकार बनाये जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान-मण्डल के सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, चौदह दिन से अन्यून की ऐसी कालावधि के लिए, जो एक सत्र में या दो उत्तरोत्तर सत्रों में समाविष्ट हो सकेगी, रखे जायेंगे और यदि, उस सत्र की, जिसमें वे इस प्रकार रखे गये हैं या ठीक अगले सत्र की समाप्ति के पूर्व राज्य विधान-मण्डल का सदन ऐसे नियमों में से किसी भी नियम में कोई भी उपान्तरण करता है या यह संकल्प करता है कि ऐसा कोई नियम नहीं बनाया जाना चाहिए, तो तत्पश्चात् ऐसा नियम केवल ऐसे उपान्तरित रूप में प्रभावी होगा या, यथास्थिति, उसका कोई प्रभाव नहीं होगा, तथापि, ऐसा कोई भी उपान्तरण या बातिलकरण उसके अधीन पूर्व में की गयी किसी बात की विधिमान्यता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा।

32. विनियम बनाने की शक्ति.- (1) इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, संस्थान, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, किसी मामले के लिए उपबंध करने के लिए, जिसके लिए विनियम द्वारा उपबंध किया जाना है या किया जा सकेगा, विनियम बना सकेगा और शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे विनियम निम्नलिखित के लिए उपबंध कर सकेंगे, अर्थात्:-

(क) संस्थान की प्रथम बैठक से भिन्न बैठकें बुलाने और आयोजित करने, ऐसी बैठकों में कार्य का संचालन करने और गणपूर्ति के लिए आवश्यक सदस्यों की संख्या के लिए;

(ख) इस अधिनियम के अधीन गठित किये जाने वाले बोर्ड या किसी समिति या अन्य निकाय के गठन के संबंध में किसी मामले के लिए;

(ग) संस्थान के चेयरपर्सन और निदेशक, अन्य अधिकारियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों और निर्वहन किये जाने वाले कृत्यों के लिए;

(घ) इस अधिनियम के अधीन गठित बोर्ड और किसी समिति या अन्य निकायों के चेयरपर्सन और सदस्यों को संदत्त किये जाने वाला भत्ता, यदि कोई हो, के लिए;

(ङ) इस अधिनियम के अधीन गठित बोर्ड या अन्य प्राधिकारियों या अन्य निकायों द्वारा उनके कारबार के संचालन, उनकी शक्तियों के प्रयोग और उनके कृत्यों के निर्वहन के लिए अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया के लिए;

(च) संस्थान के निदेशक और अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों की शक्तियों और कर्तव्यों के लिए;

(छ) संस्थान की संपत्तियों का प्रबंधन करने के लिए;

(ज) डिग्रियों, डिप्लोमों और अन्य शैक्षणिक उपाधियों और पदनामों, जो संस्थान द्वारा दिये जा सकेंगे, के लिए;

(झ) संस्थान के अध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के पदों के सृजन और उनके लिए अपेक्षित न्यूनतम अर्हताओं सहित, ऐसे पदों पर व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए;

(ञ) फीस और अन्य प्रभारों, जो संस्थान द्वारा मांगे और प्राप्त किये जा सकेंगे, के लिए;

(ट) रीति जिससे और शर्तें जिनके अध्यधीन रहते हुए, संस्थान के कर्मचारियों के लिए पेंशन, उपदान, बीमा और भविष्य निधि घटित किये जा सकेंगे, के लिए; और

(ठ) अन्य किसी मामले के लिए, जिसके लिए इस अधिनियम के अधीन विनियमों द्वारा उपबंध किये जा सकेंगे।

(2) उप-धारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, इस अधिनियम के अधीन प्रथम विनियम राज्य सरकार द्वारा बनाये जायेंगे और इस प्रकार बनाये गये कोई विनियम राज्य सरकार के अनुमोदन से उप-धारा (1) के अधीन उसकी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए बोर्ड द्वारा परिवर्तित या विखंडित किए जा सकेंगे।

अध्याय-8
प्रकीर्ण

33. आदेशों और लिखतों का अधिप्रमाणन.- संस्थान के समस्त आदेश और विनिश्चय निदेशक या संस्थान द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी के हस्ताक्षर द्वारा अधिप्रमाणित किये जायेंगे और अन्य लिखतें निदेशक या इस निमित्त प्राधिकृत संस्थान के किसी अन्य अधिकारी के हस्ताक्षर द्वारा अधिप्रमाणित की जायेंगी और संस्थान के संबंधित प्राधिकारी या समिति या अन्य निकायों की बैठकों की कार्यवाही उसके चेयरपर्सन और सदस्य-सचिव के हस्ताक्षरों द्वारा अधिप्रमाणित की जायेंगी।

34. रिक्तियों आदि द्वारा कार्यों और कार्यवाहियों का अविधिमान्य न होना.- इस अधिनियम के अधीन गठित बोर्ड या किसी प्राधिकारी या किसी समिति द्वारा किया गया कोई भी कार्य या की गयी कोई भी कार्यवाहियां, बोर्ड या किसी प्राधिकारी या किसी समिति में केवल किसी रिक्ति के विद्यमान होने के कारण अविधिमान्य नहीं की जायेंगी।

35. डिग्रियां, डिप्लोमे आदि प्रदान करना.- इस अधिनियम के अधीन संस्थान के पास डिग्रियां, डिप्लोमे और अन्य शैक्षणिक उपाधियां एवं पदनाम प्रदान करने की शक्तियां होंगी।

36. संस्थान द्वारा प्रदान की गयी तकनीकी योग्यताओं को मान्यता.- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 3), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अधिनियम,1987 (1987 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 52) और तत्समय प्रवृत्त अन्य विधियों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, संस्थान द्वारा प्रदान की गयी डिग्रियां, डिप्लोमे और अन्य उपाधियां, उक्त अधिनियमों और अन्य विधियों के प्रयोजनों के लिए मान्यताप्राप्त अर्हताएं होंगी।

37. राज्य सरकार की निदेश जारी करने की शक्ति.- राज्य सरकार संस्थान को नीतिगत मामलों पर, समय-समय पर ऐसे निदेश जारी कर सकेगी जो इस अधिनियम के उपबंधों से असंगत न हों, जिन्हें वह इस अधिनियम के प्रयोजनों को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक या समीचीन समझे। ऐसे निदेशों का संस्थान द्वारा अनुपालन किया जायेगा।

38. राज्य सरकार की निरीक्षण करवाने की शक्ति.- (1) राज्य सरकार को संस्थान का, इसके भवनों, पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं और उपस्करों सहित उसकी परीक्षाओं, अध्यापन और संस्थान द्वारा संचालित या किये गये किसी अन्य कार्य का भी ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा, जैसा वह निदेशित करे, निरीक्षण करवाने का अधिकार होगा या संस्थान के प्रशासन और वित्त से संसक्त किसी मामले के संबंध में वह उसी रीति से जांच करवा सकेगी।

(2) जहां राज्य सरकार उप-धारा(1) के अधीन निरीक्षण या जांच करवाने का विनिश्चय करती है, वहां वह निदेशक के माध्यम से उसकी सूचना संस्थान को देगी और बोर्ड द्वारा नामनिर्दिष्ट कोई व्यक्ति ऐसे निरीक्षण या जांच के दौरान संस्थान के प्रतिनिधि के रुप में उपस्थित रहेगा और उसके पास इस निमित्त सुने जाने का अधिकार होगा।

(3) उप-धारा (1) के अधीन निरीक्षण या जांच के लिए निदिष्ट व्यक्ति या व्यक्तियों को समस्त वही शक्तियां होंगी, जो शपथ पर साक्ष्य लेने और साक्षियों को हाजिर कराने और दस्तावेजों तथा भौतिक वस्तुओं को पेश करने के लिए विवश करने के प्रयोजन के लिए, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 5) के अधीन वाद का विचारण करते समय सिविल न्यायालय को होती हैं और दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 2) की धारा 345 और 346 के अर्थान्तर्गत उन्हें सिविल न्यायालय समझा जायेगा और उनके समक्ष की गयी कार्यवाहियां, भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 45) की धारा 193 और 228 के अर्थान्तर्गत न्यायिक कार्यवाहियां समझी जायेंगी।

(4) राज्य सरकार ऐसे निरीक्षण या जांच के परिणाम के संदर्भ में निदेशक को लिखेगी और निदेशक, उस पर की जाने वाली कार्रवाई पर, राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित ऐसी सलाह के साथ राज्य सरकार का दृष्टिकोण बोर्ड को संसूचित करेगा।

(5) निदेशक ऐसे समय के भीतर-भीतर, जो नियत किया जाये, की गयी या की जाने के लिए प्रस्तावित कार्रवाई की रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगा।

(6) यदि संस्थान का कोई प्राधिकारी युक्तियुक्त समय के भीतर-भीतर राज्य सरकार के समाधानप्रद रूप में कोई कार्रवाई नहीं करता है, तो वह किसी ऐसे स्पष्टीकरण, जो ऐसा प्राधिकारी प्रस्तुत करे, पर विचार करने के पश्चात्, ऐसे निदेश जारी कर सकेगी, जैसा वह उचित समझे, और ऐसा प्राधिकारी ऐसे निदेशों का अनुपालन करेगा।

(7) राज्य सरकार, उप-धारा (1) के अधीन बनवायी गयी प्रत्येक निरीक्षण रिपोर्ट या जांच और उप-धारा (5) के अधीन निदेशक से प्राप्त प्रत्येक संसूचना और उप-धारा (6) के अधीन जारी प्रत्येक निदेश और ऐसे निदेश के अनुपालन या अननुपालन के संबंध में प्राप्त प्रत्येक संसूचना की प्रतिलिपि चेयरपर्सन को भेजेगी।

39. विवरणियां और सूचना.- संस्थान राज्य सरकार और राज्य/केन्द्रीय विनियामक निकायों को ऐसी रिपोर्टें, विवरणियां, विवरण और ऐसी अन्य सूचना, जो उनके द्वारा समय-समय पर अपेक्षित की जाये, प्रस्तुत करेगा।

40. संविदाओं का निष्पादन.- संस्थान और संस्थान के प्रशासन से संबंधित समस्त संविदाएं बोर्ड द्वारा की गयी और निदेशक द्वारा निष्पादित के रूप में अभिव्यक्त की जायेंगी।

41. संपत्ति का अंतरण.- राज्य सरकार संस्थान के उपयोग और प्रबंधन के लिए संस्थान को भवन, भूमि और किसी सम्पत्ति, चाहे जंगम या स्थावर, का अन्तरण ऐसी शर्तों पर तथा ऐसी परिसीमाओं के अध्यधीन रहते हुए कर सकेगी, जैसाकि राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए उचित समझे।

42. आकस्मिक रिक्तियों का भरा जाना.- संस्थान के किसी प्राधिकारी या अन्य निकाय के सदस्यों, (पदेन सदस्यों से भिन्न) की समस्त आकस्मिक रिक्तियां, यथाशीघ्र सुविधानुसार, उस व्यक्ति या निकाय द्वारा, जो सदस्यों की नियुक्ति या नामनिर्देशन करता है, भरी जायेंगी, आकस्मिक रिक्ति पर नियुक्त या नामनिर्दिष्ट कोई व्यक्ति जिसका स्थान रिक्त हुआ है ऐसे निकाय या प्राधिकारी का जिसका वह व्यक्ति, जिसका स्थान उसने भरा है सदस्य होता, उसकी शेष अवधि के भाग के लिए सदस्य होगा।

43. इस अधिनियम के अधीन कार्य करने वाले व्यक्तियों का संरक्षण.- इस अधिनियम या तदधीन बनाए गये नियमों या विनियमों के अधीन सद्भावपूर्वक की गयी या किये जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए किसी व्यक्ति के विरुद्ध कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाहियां नहीं की जायेंगी।

44. संस्थान के सदस्यों और कर्मचारियों का लोकसेवक होना.- संस्थान का प्रत्येक सदस्य और कर्मचारी, जब वे इस अधिनियम या तदधीन बनाये गये या जारी किये गये नियमों या विनियमों या आदेशों या निदेशों के उपबंधों के अनुसरण में कार्य कर रहे हों या कार्य करने के लिए तात्पर्यित हों, भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 45) की धारा 21 के अर्थान्तर्गत लोकसेवक समझे जायेंगे।

45. अभिलेख के सबूत का ढंग.- (1) संस्थान के किसी प्राधिकारी या समिति की कोई रसीद, आवेदन, नोटिस, आदेश, कार्यवाही या संकल्प, या संस्थान के कब्जे में के अन्य दस्तावेज या संस्थान द्वारा सम्यक् रूप से संधारित किसी रजिस्टर में की कोई प्रविष्टि, यदि निदेशक द्वारा प्रमाणित हो, तो तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, उसमें विनिर्दिष्ट मामलों और संव्यवहारों के प्रथमदृष्टया साक्ष्य के रूप में इस प्रकार स्वीकृत होंगे, जहां यदि उनका मूल प्रस्तुत किया गया होता, तो साक्ष्य में ग्राह्य होता।

(2) किसी भी कार्यवाही में, जिसमें संस्थान पक्षकार नहीं हो, संस्थान के किसी भी कर्मचारी से संस्थान के किसी दस्तावेज, रजिस्टर या अन्य अभिलेख को प्रस्तुत करना, जिसकी अंतर्वस्तुओं

को उप-धारा (1) के अधीन किसी प्रमाणित प्रतिलिपि द्वारा साबित किया जा सकता हो, या साक्षी के रूप में मामलों और अभिलिखित संव्यवहारों को साबित करने के लिए उपसंजात होना तब तक अपेक्षित नहीं होगा जब तक कि विशेष कारण से न्यायालय इसका आदेश न कर दे।

46. कठिनाइयों के निराकरण की शक्ति.- यदि इस अधिनियम के उपबंधों को प्रभावी बनाने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो राज्य सरकार, राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा, ऐसे उपबंध बना सकेगी जो इस अधिनियम के उपबंधों से असंगत न हों और जो उसे ऐसी कठिनाई का निराकरण करने के लिए आवश्यक या समीचीन प्रतीत हों:

परंतु ऐसा कोई भी आदेश इस अधिनियम के प्रारंभ से दो वर्ष की समाप्ति के पश्चात् नहीं किया जायेगा।

———————

उद्देश्यों और कारणों का कथन

राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान की संकल्पना, राज्य विधान-मंडल के किसी अधिनियम के अधीन स्थापित विश्वविद्यालय की प्रास्थिति रखने वाले, व्यापक उद्योग-शिक्षाक्षेत्र सहयोग, प्रायोजित अनुसंधान और नवपरिवर्तन के माध्यम से वित्तीय क्षेत्र में उदयीमान प्रौद्योगिकियों के लिए प्रतिभा पूल को पोषित करने के लिए प्रतिबद्ध, स्वायत्त, डिग्री प्रदान करने वाले संस्थान के रूप में की गयी है। संस्थान का लक्ष्य समावेशी और नवपरिवर्तनशील वृद्धि तथा विकास के लिए पुरानी प्रौद्योगिकी की प्रतिस्थापक प्रौद्योगिकी के लिए एक वैश्विक केन्द्र बनना है।

उक्त संस्थान को, राज्य विधान-मंडल के अधिनियम के अधीन स्थापित एक विश्वविद्यालय की प्रास्थिति प्रदान करने के लिए, एक विधायन बनाने का विनिश्चय किया गया है, जिससे यह वित्तीय प्रौद्योगिकियों तथा सहबद्ध सेक्टरों के क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान की आवश्यकता को पूरा करने और समाज तथा राष्ट्र की सेवा के लिए बेहतर विषय-क्षेत्रों तथा अवसरों का उपभोग करने हेतु अध्यापन और अनुसंधान केन्द्र के रूप में अधिक दक्षतापूर्वक कार्य कर सके।

इसलिए राज्य सरकार ने जोधपुर में "राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान" के नाम से एक संस्थान स्थापित करने का विनिश्चय किया।

यह विधेयक पूर्वोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए ईप्सित है।

अत: विधेयक प्रस्तुत है।

अशोक गहलोत,
प्रभारी मंत्री।

संविधान के अनुच्छेद 207 के खण्ड (3) के अधीन महामहिम राज्यपाल महोदय की सिफारिश।

(प्रतिलिपि: संख्या प. 2(17) विधि/2/2023 जयपुर, दिनांक 13 मार्च, 2023
प्रेषक: अशोक गहलोत, प्रभारी मंत्री, प्रेषिति: प्रमुख सचिव, राजस्थान विधान सभा, जयपुर)

भारत के संविधान के अनुच्छेद 207 के खण्ड (3) के प्रसंग में, मैं, राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान विधेयक, 2023 को राजस्थान विधान सभा में विचारार्थ लिये जाने की सिफारिश करता हूं।

वित्तीय ज्ञापन

राज्य सरकार ने 400 करोड़ रुपये की लागत से जोधपुर में फिनटेक डिजिटल विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट भाषण की बजट घोषणा सं. 47 की है। सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनों के पश्चात्, प्रस्तावित फिनटेक डिजिटल विश्वविद्यालय का नाम 672.45 करोड़ रूपये की समग्र बजट लागत के साथ जोधपुर में स्थापित किये जाने वाले "राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान" के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है।

यांत्रिक, इलेक्ट्रिकल और प्लम्बिंग सेवाओं सहित भवन सन्निर्माण और आधारभूत अवसंरचना के विकास के लिए अनुमानित अनावर्ती व्यय 622.45 करोड़ रूपये की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, प्रचालन के प्रथम तीन वर्षों (अर्थात् 2022-23 से 2024-25 तक) के आवर्ती व्यय के लिए लगभग 50 करोड़ रूपये की आवश्यकता हो सकती है, जिसमें समय के साथ वृद्धि हो सकती है।

अशोक गहलोत,
प्रभारी मंत्री।

प्रत्यायोजित विधान संबंधी ज्ञापन

विधेयक के निम्नलिखित खण्ड यदि अधिनियमित किये जाते हैं तो, ऐसे प्रत्येक खण्ड के सामने वर्णित मामलों के संबंध में, राज्य सरकार को नियम बनाने और प्राधिकारी को विनियम बनाने के लिए सशक्त करेंगे:-

खण्ड	**राज्य सरकार के संबंध में (नियम)**
16(6)	किसी बैठक में कार्य संचालन या अन्यथा या शक्तियों के प्रयोग या कृत्यों के पालन के लिए बोर्ड द्वारा अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया विहित करना;
16(7)	ऐसे नियंत्रण और निर्बन्धन, जिनके अध्यधीन रहते हुए बोर्ड, अपनी शक्ति के प्रयोग या कृत्य के पालन के लिए समितियां गठित कर सकेगा, विहित करना;
19(4)	वित्त और उपापन समिति द्वारा कृत्यों के निर्वहन के लिए अपेक्षित अन्य कृत्य और शक्तियां विहित करना;
21	संस्थान की प्रवेश समिति, परीक्षा समिति और अन्य प्राधिकारियों का गठन, शक्तियां और कृत्य विहित करना;
23(2)	संस्थान के नियुक्त किये जाने वाले अधिकारियों, संकाय सदस्यों और अन्य कर्मचारियों के पदनाम और ग्रेड तथा रीति विहित करना;
23(3)	संस्थान के कर्मचारियों के वेतन और भत्ते तथा सेवा की शर्तें विहित करना;
23(5)(घ)	अन्य व्यक्तियों को चयन समिति के सदस्यों के रूप में विहित करना;
23(6)	चयन समिति द्वारा अनुसरण की जाने वाली प्रक्रियाओं को विहित करना;
26(1)	वह प्ररूप जिसमें और वह समय जिस पर बजट तैयार किया जाना है और वह रीति जिससे यह अग्रेषित किया जाना है, विहित करना;
28	वह तारीख, जिससे पूर्व वार्षिक रिपोर्ट तैयार और राज्य सरकार को प्रस्तुत की जानी है, विहित करना;
30(2)	अधिभार अधिरोपित करने की प्रक्रिया और संस्थान की सम्पत्ति या धन की हानि, अपव्यय या दुरुपयोग में अंतर्वलित रकम की वसूली की रीति, विहित करना;
31(1)	साधारणत: इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करना।
	संस्थान (विनियम)
7(च)	संस्थान के अन्य अधिकारी विहित करना;

9(1)(च)	संस्थान के चेयरपर्सन द्वारा प्रयोग और पालन की जाने वाली अन्य शक्तियां और कृत्य विहित करना;
12(2)	लोक विज्ञापन के माध्यम से कुल-सचिव की नियुक्ति की रीति विहित करना;
12(3)	कुल-सचिव की सेवा के निबंधन और शर्तें विहित करना;
13(2)	संस्थान के संकायाध्यक्ष द्वारा प्रयोग और पालन की जाने वाली शक्तियां और कृत्य विहित करना;
14(1)	वित्त अधिकारी का पारिश्रमिक और भत्ते विहित करना;
14(2)	लोक विज्ञापन के माध्यम से वित्त अधिकारी की नियुक्ति की रीति विहित करना;
14(5)	वित्त अधिकारी की अन्य शक्तियां और कृत्य विहित करना;
15(ज)	अन्य प्राधिकारियों का संस्थान के प्राधिकारी होना विहित करना;
27(1)	वह रीति, जिसमें आय तथा व्यय लेखों और तुलन-पत्र को सम्मिलित करते हुए, लेखों का एक वार्षिक विवरण तैयार किये जाने हैं और आंतरिक जांच की उचित प्रणाली विहित करना;
29(1)	वह रीति जिससे और ऐसी शर्तें, जिनके अध्यधीन रहते हुए संस्थान के कर्मचारियों के लिए पेंशन, उपदान, बीमा और भविष्य निधि स्थापित की जा सकेगी, विहित करना;
32	ऐसे मामलों, जिनके लिए उपबंध किया जाना है या किया जा सकेगा, और खण्ड 32 में प्रगणित मामलों के संबंध में।

प्रस्तावित प्रत्यायोजन सामान्य प्रकृति का है और मुख्यत: ब्यौरे के विषयों से संबंधित है।

अशोक गहलोत,
प्रभारी मंत्री।

राजस्थान विधान सभा

राजस्थान राज्य में जोधपुर में राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान की स्थापना और उससे संसक्त और आनुषंगिक विषयों के लिए उपबंध करने के लिए विधेयक।

(जैसाकि राजस्थान विधान सभा में पुरःस्थापित किया गया)

महावीर प्रसाद शर्मा,
प्रमुख सचिव।

Bill No. 8 of 2023

(Authorised English Translation)

THE RAJIV GANDHI FINTECH DIGITAL INSTITUTE BILL, 2023

(As introduced in the Rajasthan Legislative Assembly)

A

Bill

to provide for the establishment of the Rajiv Gandhi Fintech Digital Institute at Jodhpur in the State of Rajasthan and for matters connected therewith or incidental thereto;

Whereas, it is expedient to establish and incorporate an autonomous degree awarding Centre of higher learning in collaboration with the Industry partners under Public-Private Partnership mode in the State, as an institution of future importance and having the status of a university, with a view to award degrees in various disciplines and to develop new knowledge in Fintech and to provide skilled manpower of global standards for the Fintech industry.

Be it enacted by the Rajasthan State Legislature in the Seventy-fourth Year of the Republic of India, as follows:-

CHAPTER-I

Preliminary

1. Short title, extent and commencement.- (1) This Act may be called the Rajiv Gandhi Fintech Digital Institute Act, 2023.

(2) It shall extend to the whole of the State of Rajasthan.

(3) It shall come into force at once.

2. Definitions.- In this Act, unless the context otherwise requires,-

(a) "Board" means the Governing Board of the Institute;

(b) "Chairperson" means the Chairperson of the Governing Board of the Institute referred to in section 8;

(c) "Dean" means the Dean who shall be the in-charge of the academic activities of the Institute appointed under section 13;

(d) "Director" means the Director of the Institute appointed under section 10;

(e) "Disruptive Technology/Emerging Technology" means the upcoming technological advances in Financial Technology Industries/ Sector;

(f) "employee" means any person appointed by the Institute and includes a teacher or Faculty member, an administrative staff, an engineer, or any other member of the staff of the Institute;

(g) "Faculty member or Faculty" means a Professor, Associate Professor, Assistant Professor from the academic track and/or Professors of Practice/Professionals from the Industry track or a person employed or engaged by the Institute for imparting education or training or guiding or conducting research in the Institute, either on the permanent basis or contractual basis and includes the Dean(s) and the Director;

(h) "Finance Officer" means the Finance Officer of the Institute appointed under section 14;

(i) "Fintech" means computer programs and other technology used to support or enable banking and financial services;
(j) "fund" means the fund of the Institute maintained under section 25;
(k) "Industry partner" means an individual, or a trust established under the Indian Trusts Act, 1882 (Central Act No. 2 of 1882), or a company established under the Companies Act, 2013 (Central Act No. 18 of 2013), or society formed and registered under the Societies Registration Act, 1860 (Central Act No. 21 of 1860), or a Partnership Firm registered under the Indian Partnership Act, 1932 (Central Act No. IX of 1932), or a financial institution or a combination of one or more of such industry partners;
(l) "Institute" means the Rajiv Gandhi Fintech Digital Institute, a degree awarding autonomous centre of higher learning, having the status of a university established under section 3;
(m) "NIRF" means the National Institutional Ranking Framework approved by Ministry of Human Resource Development and accepted by the Ministry of Education, Government of India as the ranking framework for various universities and academic institutions;
(n) "prescribed" means prescribed by regulations or rules as the case may be;
(o) "Public-Private Partnership" means such partnership under a scheme of the State Government which provides for establishment of Institute involving collaboration between the State Government and Industry partners;
(p) "Registrar" means the Registrar of the Institute appointed under section 12;
(q) "regulations" means the regulations of the Institute made under section 32;
(r) "rules" means the rules made under this Act;
(s) "State" means the State of Rajasthan; and
(t) "UGC" means the University Grants Commission established under section 4 of the University Grants Commission Act, 1956 (Central Act No. 3 of 1956).

CHAPTER-II
The Institute

3. Establishment and incorporation of the Institute.- (1) There shall be established at Jodhpur an Institute called the Rajiv Gandhi Fintech Digital Institute.

(2) The Institute shall be a body corporate having perpetual succession and a common seal and shall sue and be sued by the said name.

(3) The Institute shall function as a University established under the State Act, open to industry partnership on a Public-Private Partnership mode.

(4) The Institute shall, strive to identify industry partners for collaboration and, develop a detailed proposal for Public-Private Partnership.

4. Institute open to all classes and creed.- The Institute shall be open to all persons irrespective of sex, race, creed or class, and it shall not be lawful for the Institute to adopt or impose on any person any test whatsoever of religious belief or profession or political opinion to entitle him to be appointed as a teacher of the Institute or to hold any other office therein or to be admitted as a student of the Institute, or to enjoy or exercise any privilege thereof:

Provided that reservation on the posts for recruitment of the employees and reservation of seats for admission in any course of study for the students, belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Backward Classes, More Backward Classes,

Economically Weaker Sections, Women and Handicapped Persons and other categories of candidates as specified by the State Government from time to time shall be regulated by the laws and orders of the State Government for the time being in force.

5. Objects of the Institute.-The objects of the Institute shall be,-

(a) to offer academic programmes for advanced knowledge in Fintech and to award degrees, diplomas and certificates on successful completion of the programmes;

(b) to create an institute that will create a talent pool for next-generation technologies in Financial Sector through Industry-Academia collaborations, Research and Innovation for publications and intellectual property rights;

(c) to develop a system that promotes entrepreneurship, incubates Fintech Start-ups, enhances the chances of employment of the students and aims to provide gainful employment opportunities to the eligible students of the Institute;

(d) to develop a Global Centre for Emerging Technology for inclusive and innovative growth and development;

(e) to assist the State emerge as a hub for Fintech research and anchor growth of Fintech in the region;

(f) to create a transformative industry-academia experience for students focused on Disruptive Technology in financial sector, problem solving and technology leadership;

(g) to cultivate a diverse and transformative community committed to collaborating and engage diverse world-class talent; and

(h) to create an ecosystem for collaboration and exchange of ideas, where cutting-edge research, creativity, innovation, and entrepreneurship may flourish.

6. Powers and functions of the Institute.- (1)The powers and functions of the Institute shall be,-

(a) to institute teaching and training in certificate, undergraduate, postgraduate and super-speciality branches of financial technologies and allied sciences and to make provisions for research and for the advancement and dissemination of knowledge in such branches;

(b) to institute and award degrees, diplomas, certificates and other academic distinctions;

(c) to admit students to the various courses of study and to conduct examinations or tests and lay down conditions in respect thereof;

(d) to hold examinations for and to grant and confer degrees, diplomas and others academic distinctions to and on persons-

(i) who have pursued a course of study; or

(ii) who have carried on research in/with the Institute;

(e) to create, in association with the industry, a robust ecosystem for, enhancing the employability of the students enrolled in the regular programmes and, providing gainful employment opportunities to each eligible student of the Institute;

(f) to institute and award scholarships, fellowships (including travelling fellowship), studentships, stipends, medals and prizes following the regulations;

(g) to establish, maintain and administer centres of teaching and research, centres of excellence, libraries;
(h) to fix and collect fees and other charges;
(i) to create teaching, administrative, ministerial, technical and other necessary posts as required and make appointments thereto;
(j) to undertake publication of works of merit and research;
(k) to function as an industry-sponsored research centre;
(l) to deal with property belonging to, or vested in the Institute in any manner which is considered necessary for promoting its objects;
(m) to cooperate or collaborate with other institutions both national and international, in conduct of higher education and research in financial technologies and allied fields; and
(n) to do any other act or thing, as may be necessary in order to further the objects of the Institute:

Provided that the Institute –
(i) shall not transfer any immovable property of the Institute by way of mortgage, sale, exchange, gift or otherwise except with the previous sanction of the State Government; and
(ii) shall not create any post in the Institute except with the prior approval of the State Government or except in accordance with any general or special order of the State Government.

(2) The Institute may, with prior approval of the Governing Board, appoint teaching and non-teaching staff from both academia and industry, either on a permanent or contractual basis. The Institute may also outsource certain activities and facilities as may be deemed fit by the Governing Board.

(3) The pay and other allowances to various categories of employees of the Institute shall be such as may be determined from time to time by the Governing Board on suggestions by the Selection Committee in concurrence of the Finance and Procurement Committee.

CHAPTER-III
Officers of the Institute

7. Officers of the Institute.- The following shall be the officers of the Institute, namely:-
(a) the Chairperson of the Institute;
(b) the Director;
(c) the Registrar;
(d) the Dean;
(e) the Finance Officer; and
(f) such other officers as may be prescribed by the regulations.

8. Chairperson.- (1) An eminent person from the industry or academia shall be the Chairperson of the Institute and shall also be the Chairperson of the Governing Board.

(2) The appointment of the Chairperson shall be on the basis of nomination by the State Government.

(3) The term of office of the Chairperson shall be three years.

9. Powers and functions of the Chairperson.- (1) The powers and functions of the Chairperson shall be,-

(a) to ensure that the administration of the affairs of the Institute are being conducted in accordance with the provisions of this Act and the regulations and to take such steps, as he deems fit;

(b) to call for such information or records relating to the administration of the affairs of the Institute;

(c) to review the academic progress of the Institute and to ensure whether the same is aligned with the objects of the Institute;

(d) to help the Institute in establishing linkages with leading players from related industry and world-renowned academic institutions;

(e) to include in the agenda at any time before or during a meeting, fresh items of business or items supplementary to those included in the agenda for consideration; and

(f) to exercise such other powers and perform such other functions, as may be prescribed under the regulations or may be delegated to him by the Governing Board.

(2) The Chairperson may delegate any of his powers to the Director of the Institute.

(3) The Chairperson shall preside over the meetings of the Board of the Institute.

(4) The meetings of the Institute shall be convened as per the directions of the Chairperson.

10. The Founding Director and Director.- (1) The founding Director of the Institute shall be nominated by the State Government from among the best talents from academia or industry. The founding Director of the institute shall be appointed for a period of three years from the date of the appointment.

(2) The post of the Director of the Institute shall be filled by public advertisement, followed by an interview process. The Director shall be appointed by the Chairperson on the recommendation of a Selection Committee consisting of,-

(a)	Chairperson of the Institute	-Ex-officio Chairperson;
(b)	Secretary to the Government in-charge of the Department of Information Technology and Communication	-Ex-officio Member;
(c)	three experts from Industry or Academia – who are already part of the Governing Board to be nominated by the Chairperson of the Institute	- Ex-officio Members;
(d)	two experts each, from the industry and academia to be nominated by the State Government	-Members.

Explanation.- For the purposes of this sub-section, the expression "Secretary to the Government in-charge" means the Secretary to the Government in-charge of a department and includes an Additional Chief Secretary and a Principal Secretary when he is in-charge of that department.

(3) (a) Only such person shall be eligible for the appointment to the office of the Director with a Ph.D. or equivalent high level academic/industry achievement with a distinguished career in academia and/or industry, having experience as per UGC guidelines of institution building and who has made a significant contribution to

the field of knowledge and practice through high quality refereed publications, patents and policy impact.

(b) The Director shall hold office for a term of five years from the date he enters upon his office or till he attains the age of seventy years, whichever is earlier:

Provided that the same person shall be eligible for reappointment for a second term.

(4) The Director may in writing under his hand addressed to the Chairperson resign from his office and shall cease to hold his office on the acceptance thereof by the Chairperson.

(5) The Selection Committee shall, as far as may be, at least ninety days before the date on which a vacancy in the office of the Director is due to occur by reason of expiry of term or resignation under sub-section (4) and also whenever so required and before such date as may be specified by the Chairperson, submit to the Chairperson the names of not less than three persons to hold the office of the Director. While submitting the names, the Committee shall also forward to the Chairperson a concise statement showing the qualifications of each of the persons so recommended but shall not indicate any order of preference.

(6) Where the Chairperson does not consider any one or more of persons recommended by the Selection Committee to be suitable for appointment as the Director or if one or more of the persons recommended is / are not available for appointment and the choice for the post of the Director is restricted to less than three persons, he may require the Committee to submit a list of fresh names in accordance with the provisions of sub-section (3).

(7) No act or proceeding of the Committee shall be invalidated merely by reason of the existence of a vacancy or vacancies among its members or by reason of some person having taken part in the proceeding who is subsequently found not to have been entitled to do so.

(8) In any of the following circumstances (of the existence of which the Chairperson shall be the sole judge), the Chairperson may, for reasons to be recorded in writing, appoint any suitable person to the office of the Director for a term not exceeding six months as he may specify:-

(a) where the vacancy in the office of the Director occurs and it cannot be conveniently and expeditiously filled in accordance with the provisions of sub-sections (1) to (6); or

(b) any other emergency.

(9) In the absence of the Director, the senior-most Professor of the Institute shall discharge the duties of the Director.

(10) Subject to the provisions of this Act, the emoluments and other conditions of service of the Director shall be such as may be determined by the regulations of the Institute and approved by the Governing Board by general or special order in that behalf.

(11) The Board may remove from office the Director, who-

(a) has been adjudged as an insolvent; or

(b) has been convicted of an offence which, in the opinion of the Board, involves moral turpitude; or

(c) has become physically or mentally incapable of acting as a Director; or

(d) has acquired such financial or other interest as is likely to affect prejudicially his function as a Director; or

(e) has so abused his position or so conducted himself as to render his continuance in office prejudicial to the public interest:

Provided that the Director shall not be removed from office except by an order made by the Board, after an enquiry instituted by it in which the Director has been informed of the charges against him and given a reasonable opportunity of being heard in respect of those charges.

11. Powers and functions of the Founding Director and Director.- (1) The founding Director/Director shall be the principal executive and academic officer of the Institute.

(2) Without prejudice to the generality of the provisions contained in sub-section (1), the Director,-

(a) shall in the absence of the Chairperson, preside over the meetings;
(b) shall exercise general supervision and control over the affairs of the Institute;
(c) shall provide the strategic vision, planning and leadership for the continuous progress of the Institute;
(d) shall ensure implementation of the decisions of the authorities of the Institute;
(e) shall be responsible for collaborations with the industry for course curricula creation and real-time revision, along with offering gainful employment opportunities for the eligible, regular students of the Institute;
(f) shall be responsible for the faculty development initiatives of the Institute;
(g) shall be responsible for imparting of instructions and maintenance of discipline in the Institute;
(h) may engage, with the approval of the Board, any person for a period not exceeding three years for such purpose as may be necessary in the interest of the Institute;
(i) shall be responsible for real-time academic/ institutional monitoring on quality parameters;
(j) shall be responsible for preparation of Institutional Development Plan (IDP) for each academic year and align with Sustainable Development Goals; and
(k) shall be responsible for sourcing funds from sources such as Corporate Social Responsibility (CSR) funding, sponsored research, industry collaboration, joint certifications etc.

(3) Where any matter is of urgent nature requiring immediate action and the same cannot be immediately dealt with by any officer or authority of the Institute, empowered by or under this Act to deal with it, the Director may take such action, as he may deem fit and shall forthwith report the action taken by him to the Chairperson and also to the officer or authority who in the ordinary course, would have dealt with the matter:

Provided that if such officer or authority is of opinion that such action ought not to have been taken by the Director, it may refer the matter to the Chairperson who may either confirm the action taken by the Director or annul the same or modify it in such manner, as he thinks fit, and thereupon it shall cease to have effect or shall take effect in the modified form, as the case may be:

Provided further that such annulment or modification, as is referred to in the preceding proviso shall be without prejudice to the validity of anything previously done by or under the order of the Director.

(4) The Director shall exercise such other powers and perform such other functions as may be assigned to him by the Chairperson of the Board or any other authority.

(5) The Director shall be responsible to conduct and manage all matters relating to the Institute.

12. The Registrar.- (1)The Registrar shall be the Chief Administrative Officer of the Institute. He shall work directly under the superintendence, direction and control of the Director.

(2) Notwithstanding anything contained in this Act or any other law for the time being in force, the Registrar shall be appointed either by the State Government on deputation from amongst the officers of the Rajasthan Administrative Service (not below supertime scale) or through public advertisement as may be prescribed by the regulations, followed by an interview process conducted by a Selection Committee consisting of -

(a)	Director	-Ex-officio Chairperson;
(b)	Secretary to the Government in-charge of the Department of Information Technology and Communication	- Ex-officio Member; and
(c)	three experts from Industry or Academia, to be nominated by the State Government	- Members.

Explanation.- For the purposes of this sub-section, the expression "Secretary to the Government in-charge" means the Secretary to the Government in-charge of a department and includes an Additional Chief Secretary and a Principal Secretary when he is in-charge of that department.

(3) The Registrar shall be a whole-time officer of the Institute. The terms and conditions of service of the Registrar shall be such as may be prescribed by the regulations.

(4) The Registrar shall–

(a) comply with all directions and orders of the Governing Board and the Director;

(b) be the custodian of the records, common seal and such other property of the Institute as the Governing Board may commit to his charge. He shall be ex-officio Member-Secretary of the Board. He shall place before the Board and Academic Council all such information as may be necessary for the transaction of its business. He shall receive applications for entrance to the Institute and shall keep a permanent record of all syllabi, curricula and such other information as may be deemed necessary;

(c) keep the minutes of all meetings of the Governing Board, the Academic Council, the Finance and Procurement Committee, the Faculties, and any Committee appointed by any authority of the Institute;

(d) conduct the official correspondence of the Governing Board and the Academic Council;

(e) call a meeting of the Governing Board forthwith in an emergency, when neither the Chairperson nor the officer duly authorized are able to act and to take its directions for carrying on the work of the Institute;

(f) be directly responsible to the Director for the proper discharge of his duties and functions; and

(g) perform such other duties as may be assigned to him by the Governing Board or the Director from time to time.

(5) In the event of the post of the Registrar remaining vacant for any reason it shall be open to the Director to authorize any officer in the service of the Institute to exercise such powers and perform such functions and duties of the Registrar, as the Director deems fit.

13. Dean.- (1) There shall be a Dean of the Institute, whom the Board shall appoint from amongst the senior professors of the Institute. He shall hold office for three years and may be eligible for re-appointment.

(2) The Dean shall assist the Director in academic affairs of the Institute and shall exercise such powers and perform such functions as may be prescribed by the regulations.

14. Finance Officer.- (1) There shall be a Finance Officer for the Institute, whom the Director shall appoint upon recommendation of the Governing Board, and his remuneration and allowances shall be such as may be prescribed by the regulations.

(2) Notwithstanding anything contained in this Act or any other law for the time being in force, the Finance Officer shall be appointed either by the State Government on deputation from amongst the officers of the Rajasthan Accounts Service (not below supertime scale) or through public advertisement as may be prescribed by the regulations, followed by an interview process conducted by a Selection Committee under section 12 and the position may also be filled on a Fixed Term Contract basis.

(3) The Finance Officer shall have the following duties, namely:-

(a) to ensure that no expenditure is incurred by the Institute which has not been authorised in the budget;

(b) to disallow any proposed expenditure which may contravene the provisions of this Act or the regulations made thereunder;

(c) to ensure that no financial irregularity is committed and to take steps to set-right any irregularity pointed out during audit or appeared otherwise;

(d) to ensure that the property and investments of the Institute are duly preserved and managed; and

(e) to perform such other functions as may be assigned to him by the Chairperson or Governing Board.

(4) The Finance Officer shall have access to and may require the production of such records and documents of the Institute and the furnishing of such information pertaining to its affairs, as in his opinion may be necessary for the discharge of his duties.

(5) Other powers and functions of the Finance Officer shall be such as may be prescribed by the regulations.

CHAPTER-IV

Authorities of the Institute

15. Authorities of the Institute.- The following shall be the authorities of the Institute, namely:-

